दैनिक स्वतंत्र संवाद

सिटी फ्रंट पेज

स्पार्कल गोल्ड रॉक कंपनी ने मनाया समारोह, ओम प्रकाश शर्मा बने सीईओ

दैनिक स्वतंत्र संवाद, जयपुर। स्पार्कल गोल्ड रॉक लिमिटेड कंपनी ने जयपुर में आयोजित एक औपचारिक समारोह में ओम प्रकाश शर्मा जी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन, वरिष्ठ पदाधिकारियों और उ?द्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियाँ मौजूद रहीं ओम प्रकाश शर्मा खनन और बहुमूल्य धातुओं के व्यापार में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने देश-विदेश की कई कंपनियों में अपनी सेवाएँ दी हैं और गोल्ड माइनिंग व सिल्वर कारोबार में व्यापक अनुभव अर्जित किया है।

नियुक्ति के अवसर पर शर्मा ने कहा कि स्पार्कल गोल्ड रॉक लिमिटेड कंपनी की जिम्मेदारी संभालना मेरे लिए सम्मान की बात है। मेरा प्रयास रहेगा कि पारदर्शी कार्यप्रणाली और नई रणनीतियों से कंपनी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए। %श्रद्धा, सेवा और समर्पण मेरी कार्यशैली का मूल मंत्र है, जो कंपनी के साथ-साथ समाज के विकास में भी योगदान देगा। कंपनी प्रबंधन की ओर से सरिता देवी शर्मा और लक्षिता शर्मा ने विश्वास जताया कि ओम प्रकाश शर्मा का अनुभव और दूरदर्शिता कंपनी को नई दिशा देंगे और संगठन की प्रगति को गति प्रदान करेंगे।

गौरतलब है कि ओम प्रकाश शर्मा ने भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अनेक परियोजनाओं का सफल संचालन किया है। उनके नेतृत्व में कंपनी को सुदृढ़ नेतृत्व और वैश्विक विस्तार की नई संभावनाएँ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नया दायित्व मिलने पर ओम प्रकाश शर्मा का अभिनंदन

महानगर संवाददाता

जयपुर। सर्व आश्रम फाउंडेशन, हरिनाम संकीर्तन परिवार सहित विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्पार्कल गोल्ड रॉक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। देश-प्रदेश में कथाओं के माध्यम से धर्म-संस्कृति का मान-सम्मान बढ़ाने पर स्पार्कल गोल्ड रॉक लिमिटेड कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त होने पर संत अकिंचन महाराज ने ओम प्रकाश शर्मा का अभिनंदन किया। अकिंचन महाराज ने कहा कि कंपनी हो या समाज व्यक्ति को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन, वरिष्ठ पदाधिकारियों और उद्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। उल्लेखनीय है ओम प्रकाश शर्मा खनन और बहुमूल्य धातुओं के व्यापार में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने देश-विदेश की कई कंपनियों में अपनी सेवाएं दी हैं और गोल्ड माइनिंग तथा सिल्वर कारोबार में व्यापक अनुभव अर्जित किया है। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि स्पार्कल गोल्ड रॉक लिमिटेड कंपनी की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रयास रहेगा कि पारदर्शी कार्यप्रणाली और नई रणनीतियों से कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। इस दौरान कंपनी प्रबंधन की ओर से सरिता देवी शर्मा और लक्षिता शर्मा मौजूद रहे।